आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 23.08.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी

अंतरिक्ष दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन- इसरो ने न केवल अंतरिक्ष के क्षेत्र में बल्कि देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने यह बात आज नई दिल्ली में देश के प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम के अवसर पर कही। राष्ट्रपति ने कहा कि अंतरिक्ष की प्रगति से मानवीय क्षमताएं बढी हैं, जिनसे कल्पना को वास्तविकता में बदलने और ब्रह्मांड के रहस्यों को उजागर करने में मदद मिली है।

राष्ट्रपति ने इसरो के रोबोटिक्स चुनौती और भारतीय अंतरिक्ष हैकाथॉन के विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए।

प्रदेश में भी इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देशवासियों एवं इसरो के समस्त वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं देते युवाओं से आग्रह किया है कि विज्ञान के क्षेत्र विशेष रूप से अंतरिक्ष विज्ञान में आगे आएं तथा 2047 तक भारत को विश्वगुरु बनाने में योगदान दें। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर में प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने नई दिल्ली से प्रकाशित मुख्य कार्यक्रम से जुड़कर सहभागिता की.

चित्र प्रदर्शनी

राजधानी भोपाल के केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 में आज केंद्रीय संचार ब्यूरो और पत्र सूचना कार्यालय भोपाल ने चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया । प्रदर्शनी का उद्घाटन पत्र सूचना कार्यालय के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे और केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 के प्राचार्य पवन कुमार बेदुये ने किया. चित्र

प्रदर्शनी को लेकर बच्चों में जिज्ञासा के साथ साथ खासा उत्साह भी देखने को मिला।

केन्द्रीय मंत्री दौरा

केंद्रीय जनजातीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके आज रात 8 बजे छिंदवाड़ा से कार द्वारा जबलपुर आएंगे । श्री उइके यहाँ कल सुबह 11 बजे राजा शंकरशाह कुंवर रघुनाथ शाह संग्रहालय का निरीक्षण करेंगे तथा दोपहर 12.30 बजे जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेंगे ।

नये गृह सचिव

वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गोविंद मोहन ने आज नये केंद्रीय गृह सचिव का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने अजय कुमार भल्ला का स्थान लिया, जिनका कार्यकाल कल समाप्त हो गया। श्री मोहन वर्ष 1989 बैच के प्रशासनिक अधिकारी हैं और वे इससे पहले संस्कृति मंत्रालय में सचिव के पद पर कार्यरत थे।

महानिदेशक-एक पेड़ मां के नाम

आकाशवाणी की महानिदेशक मौसमी चक्रवर्ती और अतिरिक्त महानिदेशक एल मधु नाग ने **एक पेड़ मां के नाम** पहल के तहत आज नई दिल्ली के आकाशवाणी परिसर में पौधे लगाए। आकाशवाणी के अन्य अधिकारियों ने भी इस अवसर पर पौधारोपण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर **'एक पेड़ मां के नाम'** अभियान की शुरुआत की थी। इस पहल के तहत देशभर में लोग उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण अभियान में भाग ले रहे हैं।

महू दुर्घटना

इंदौर के पास महू के चोरल गांव में निर्माणाधीन फार्म हाउस की छत गिर गई। बीती रात हुए इस हादसे में 5 मजदूरों की मौत हो गई। कलेक्टर आशीष सिंह ने इसकी पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक छत की स्लैब डालने के बाद रात में सभी मजदूर खाना खाकर उसी

के नीचे सो गए थे। मजदूरों ने लोहे के एंगल पर छत डाली थी। वह भार नहीं सह पाने के कारण छत भरभराकर गिर गई।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है। भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम और रतलाम समेत कुछ जिलों में कल रात से ही बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में लो प्रेशर एरिया की वजह से राज्य में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया है। अगले चार दिन यानी 26 अगस्त तक तेज बारिश का दौर रहेगा। आज भी इंदौर-उज्जैन समेत 26 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। प्रदेश में अब तक करीब 80 प्रतिशत यानी 29 दशमलव 7 इंच पानी गिर चुका है।

समाचार संक्षेप में...

1. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 25 अगस्त को पन्ना पहुचेंगे। मुख्यमंत्री पन्ना के ऐतिहासिक बलदाऊ मंदिर में रविवार को होने वाले हलषष्ठी कार्यक्रम में शामिल होगे।

2. छिंदवाड़ा में कल रात भोपाल से हैदराबाद जा रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 लोग घायल हुए हैं। घायलों में कुछ की हालत गंभीर है। और

3. छतरपुर में सिटी कोतवाली पर हुए पथराव मामले में पुलिस ने 48 नामजद समेत करीब 150 आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। अब तक 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।